

पाक्षिक

खबर आस पास (RNI REGISTERED)

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी    मो. 9587570001    Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1    अंक : डिजिटल    बीकानेर : बुधवार 02 जुलाई 2026    पृष्ठ : 4    मूल्य : 1.00 रुपया


# राजस्थान में बस-ट्रेलर भिड़े, 8 मौतें

## डीएनए टेस्ट से पहचान होगी, आग में फंसे थे 40 पैसेंजर्स; दावा- डिक्की में सिगरेट बॉक्स भरे थे

**दौसा कासं।** राजस्थान के दौसा जिले में मंगलवार देर रात बस-ट्रेलर की भिड़ंत हो गई। एक्सीडेंट में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें 6 लोगों की मौत आग में झुलसने से और 2 की सिर पर चोट लगने के कारण हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक्सीडेंट कोलवा थाना क्षेत्र में हुआ है। बस ऋषिकेश से इंदौर जा रही थी स्लीपर में मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 40 पैसेंजर्स थे। इनमें 21 लोग घायल भी हैं। 6 मृतकों की पहचान के लिए ष्ठह्र टेस्ट कराया जाएगा। इसके बाद बॉडी परिवार को सौंपी जाएगी। बस में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों का दावा है बस के स्टोरेज बॉक्स में सिगरेट भरी हुई थी।





**6 मृतकों की पहचान के लिए लेंगे डीएनए सैंपल**

दौसा जिला अस्पताल के मेडिकल ज्यूरिस्ट और डिप्टी कंट्रोलर डॉक्टर चैन सिंह मीणा ने बताया- मामले में 6 लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। इनके परिवार के सदस्य का डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया जाएगा।

यहां से हमने सभी डेड बॉडी को नंबर दिया है। अब सभी के सैंपल हर एक डेड बॉडी से मैच करके देखेंगे। जिसका डीएनए मैच हो जाएगा उन्हें शव सौंप दिया जाएगा। हालांकि, डीएनए रिपोर्ट आने में समय लगता है, लेकिन हादसे की गंभीरता को समझते हुए 2 जुलाई को ही इनके डीएनए सैंपल मंगवा कर शव सौंप दिए जाएंगे।

**आग लगने के बाद पास के गड्ढे में गिरी बस**

इंदौर निवासी शिखा गुप्ता ने बताया-मैं दिल्ली के राजीव चौक से रात करीब 12:30 बजे इंदौर जाने के लिए बस में बैठी थी। बस करीब दो घंटे चली थी कि अचानक हादसा हो गया। हादसे के बाद बस सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई।

**हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है- सांसद**

दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने कहा- हादसे में 8 लोगों की मौत हुई है और 11 लोग गंभीर हैं।

तेज रफ्तार के कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं। एसी बसों में इस तरह की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं।

सरकार को इस दिशा में काम करना चाहिए।

## दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए 5 लाख रुपये तक का ऋण मिलेगा

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना के तहत दिव्यांगजनों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाते हुए सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराना है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग संयुक्त निदेशक ने बताया कि योजना के अंतर्गत राज्य के ऐसे दिव्यांगजन, जिनकी स्वयं एवं परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये तक है, वे विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त कर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। ऋण राशि पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपये (जो भी कम हो) का अनुदान भी विभाग द्वारा संबंधित बैंक के माध्यम से दिया जाएगा। इसके अलावा ऋण का समय पर भुगतान करने पर ब्याज दर में 5 प्रतिशत की विशेष छूट का भी प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत किराना स्टोर, बिल्डिंग मटेरियल की दुकान, टेलरिंग शॉप, कृत्रिम आभूषण, पुस्तक एवं स्टेशनरी, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल रिपेयरिंग एवं सेल्स, टी हाउस, जूते-चप्पल निर्माण एवं बिक्री, कढ़ाई कार्य सहित विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के लिए ऋण प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता होना आवश्यक है। आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के बीच तथा परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। पात्र दिव्यांगजन एसएसओ पोर्टल के माध्यम से डीएसएपी पोर्टल पर स्वयं अथवा ई-मित्र कियोस्क के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## रोटरी क्लब नसीराबाद द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**(खबर आस पास)**

**नसीराबाद (अशोक लोढ़ा)।** रोटरी क्लब नसीराबाद द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जिला चिकित्सालय, नसीराबाद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और निःशुल्क फिजियोथ्रेपी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रोटरी क्लब नसीराबाद की नई टीम ने अपना सेवा कार्य करना शुरू कर दिया नव निर्वाचित अध्यक्ष विनायक गौड और नए सचिव मुकेश मित्तल बने हैं।

रोटरी क्लब नसीराबाद के अध्यक्ष डॉ. विनायक गोड ने बताया कि कल 1 जुलाई 2026 को उप जिला चिकित्सालय, नसीराबाद में प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । रक्तदान महादान है तथा एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है तथा समय-समय पर रक्तदान करने से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलता है। शिविर में जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्त संग्रह किया जाएगा तथा सभी रक्तदाताओं का सम्मान भी किया जाएगा। रोटरी क्लब नसीराबाद सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करें तथा किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में अपना अमूल्य योगदान दें। रक्तदान शिविर के साथ ही निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है।

## बीकानेर में पुलिस निरीक्षक श्रवण विश्नोई ने की आत्महत्या

### सरकारी क्वार्टर में फंदे से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर से पुलिस महकमे को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। पुलिस निरीक्षक श्रवण विश्नोई ने करणी नगर स्थित पुलिस कॉलोनी में अपने सरकारी क्वार्टर में आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही बीछ्वाल थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी।

बीछ्वाल थानाधिकारी दिगपाल सिंह ने बताया कि पुलिस निरीक्षक श्रवण विश्नोई का शव उनके सरकारी आवास में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया है। फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। श्रवण विश्नोई वर्ष 2014 बैच के अधिकारी थे। कुछ माह पहले ही उनका प्रमोशन हुआ था। वे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) बीकानेर में कार्यरत थे। करीब एक माह पूर्व उनका तबादला पुलिस मुख्यालय, जयपुर किया गया था। श्रवण विश्नोई मूल रूप से कोलायत क्षेत्र के चकविजयसिंहपुरा गांव के निवासी थे। उनकी आयु लगभग 40 वर्ष थी और उनके परिवार में पत्नी तथा एक संतान है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। मामले की जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने आएगी।

## राजस्थानः महिला पटवारी ने किराए के कमरे में फंदा लगा की आत्महत्या, एक साल पहले हुई थी शादी



**करौली (खबर आस पास)।** करौली जिले में टोडाभीम कस्बे में मंगलवार को एक महिला पटवारी ने किराए के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक भानकपुरा हल्के में कार्यरत महिला पटवारी उगन्ती प्रजापत है। उगन्ती प्रजापत तीन-चार दिन के अवकाश से लौटकर मंगलवार को ही अपने घर से ड्यूटी पर लौटकर आई थीं और ड्यूटी पूरी कर जोशी पाड़ा क्षेत्र अपने किराए के मकान पहुंची। जहां उसने फंदा लगा आत्महत्या कर ली। घटना की जनाकारी मिलते ही आस-पास में सनसनी फैल गई, तुरंत पुलिस को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने गेट तोड़कर शव को फंदे से उतारा और अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

**सहकर्मी महिला पटवारी के साथ रहती थी मृतका**

जानकारी के अनुसार, मृतका अपनी एक सहकर्मी महिला पटवारी के साथ किराए के एक कमरे में रहती थीं। सहकर्मी महिला पटवारी अवकाश पर चल रही है। जिससे उगन्ती कमरे पर अकेली ही थी। घटना की सूचना मिलने पर एसडीओ अमन चौधरी, तहसीलदार दिनेश मीना सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंची। लेकिन कमरे में अंदर से कुंदी लगी होने से पुलिस ने कमरे का गेट तोड़ कर कमरे में प्रवेश किया। इसके बाद शव को फंदे से उतारकर अस्पताल भिजवाया।

**एक साल पहले ही हुआ था विवाह**

पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलने पर मृतका के परिजन अलवर से टोडाभीम के लिए रवाना हो गए। उगन्ती प्रजापत की वर्ष 2022 में पटवारी पद पर नियुक्ति हुई थी। करीब एक वर्ष पूर्व 6 अप्रेल 2025 को उनका विवाह अलवर निवासी पुष्पेंद्र के साथ हुआ था। विवाह के बाद से वह अपनी नौकरी टोडाभीम क्षेत्र में ही कर रही थीं।

**पुलिस जांच में जुटी**

आत्महत्या के कारणों को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवाया गया है और परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**इधर, श्रीडूंगरगढ़ में सरकारी शिक्षक का शव पंखे से बंधे फंदे पर लटकता मिला, मौके पर पहुंची पुलिस**

श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में एक सरकारी शिक्षक मंगलवार सुबह अपने कमरे में पंखे से रस्सी से झूलते हुए मिला। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए है। एएसआई महेश कुमार ढाका पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे है। वहीं बीकानेर से परिजन भी पहुंच गए है। क्षेत्र के गांव उदरासर में उपस्वास्थ्य केंद्र में बने कमरे में रहने वाले वैद्य मघाराम राउमावि के सेवारत शिक्षक 48 वर्षीय गणेश प्रकाश जोहिया का शव पंखे से रस्सी के सहारे लटकता मिला है। प्रथमदृष्टया जोहिया ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली है।

## जून में रु.1.94 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शनः पिछले साल से 14% ज्यादा, अप्रैल में रिकॉर्ड रु.2.42 लाख करोड़ का कलेक्शन रहा था

**नई दिल्ली एजेन्सी।** जून 2026 में 1.94 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। यह अप्रैल के रिकॉर्ड 2.42 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 20% कम है। हालांकि पिछले साल की समान अवधि यानी जून 2025 से 14% ज्यादा है। जून 2025 में रु.1.71 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। सरकार ने आज यानी 1 जुलाई को जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए।

**इंपोर्ट से होने वाली कमाई बढ़ी**

जून महीने में जीएसटी कलेक्शन की ग्रोथ मुख्य रूप से इंपोर्ट पर निर्भर रही। इंपोर्टेड गुड्स से होने वाला ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू सालाना आधार पर 35% बढ़कर 60,038 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं, दूसरी तरफ घरेलू ट्रांजैक्शन से होने वाली ग्रॉस घरेलू कमाई में 6.5% की तेजी आई और यह 1.34 लाख करोड़ रुपए रही।


# राजस्थान- 48 घंटे में पहुंचेगा मानसून, 24 जिलों में अलर्ट

### 3 दिन तक अंधड़ की भी चेतावनी, जुलाई में सामान्य से कम बरसात की आशंका

**जयपुर कासं।** राजस्थान में इस साल साल मानसून 8 दिन की देरी से अगले 48 घंटे में पहुंचने की संभावना है। एक्सपर्ट का दावा है कि 13 साल में ये तीसरा मौका है, जब मानसून जुलाई में एंट्री करेगा।

इसके प्रभाव से कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है, जबकि 6 जुलाई तक राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश का दौर शुरू होने की उम्मीद है।

इस साल जुलाई महीने में राज्य में सामान्य से काफी कम बारिश होने की आशंका है। मानसून के पहुंचने से पहले आज भी 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। अगले तीन दिन अंधड़ की भी चेतावनी जारी की गई है।




**गर्मी-बारिश की बड़ी अपडेट्स**

पूर्वी हिस्से से एंट्री की संभावनाः मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में 2 या 3 जुलाई को मानसून प्रवेश कर सकता है। इसके प्रभाव से उदयपुर, कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में 2 जुलाई से ही आंधी-बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। बीकानेर संभाग में अंधड़ की चेतावनीः बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर जिलों में 2 से 4 जुलाई के बीच अंधड़ आ सकता है। इस दौरान 50-60 चद्ब प्रतिघंटा या उससे ज्यादा की स्पीड से हवा चलने के साथ धूल का बवंडर भी आ सकता है। इस दौरान इन एरिया के साथ-साथ जोधपुर, फलोदी, जालोर के एरिया में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। दिनभर तेज धूप-उमस, लेकिन तापमान में गिरावटः पिछले 24 घंटे की स्थिति देखें तो कोटा, उदयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों को छोड़कर शेष राज्य में मौसम ड्राय रहा। बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, अजमेर संभाग के सभी जिलों में दिनभर धूप, उमस रही। हालांकि इस बीच कुछ जगह हवाएं चलने से तापमान में थोड़ी गिरावट हुई। कोटा में एक इंच बरसातः कोटा, उदयपुर, भरतपुर संभाग के एरिया में मंगलवार को हल्की बारिश हुई। कोटा के मंडाना में 30स्रूस्र, पीपल्दा में 9, झालावाड़ के बाकनी में 13, धौलपुर के बसेड़ी में 12, बारां के किशनगंज में 14MM बरसात दर्ज हुई।

## नायरा का पेट्रोल रु.5 और डीजल रु.3 सस्ता

**नई दिल्ली एजेन्सी।** देश की सबसे बड़ी प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल के दाम में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपए प्रति लीटर की कमी की है। अब भोपाल में नायरा के पेट्रोल की कीमत 119.79 रुपए से घटकर 114.79 रुपए और डीजल 102.57 रुपए से घटकर 99.57 रुपए पर आ गया है।

**नायरा के देश में 7 हजार पेट्रोल पंप, 7% हिस्सेदारी**

नायरा एनर्जी के देश भर में 7 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। बाकी कंपनियों के एक लाख से ज्यादा हैं। इस तरह बाजार में इसकी 7% हिस्सेदारी है। नायरा की नई दरें सभी जगह लागू हो गई हैं। हालांकि, अलग-अलग राज्यों में लोकल टैक्स और वैल्यू-एडेड टैक्स की दरें अलग होने की वजह से हर शहर में रिटेल प्राइस में थोड़ा अंतर देखने को मिल सकता है।

## आज से मनरेगा की जगह वीबी जी राम जी लागू




**नई दिल्ली एजेन्सी।** केंद्र सरकार बुधवार से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून, 2025 (वीबी जी राम जी) लागू कर रही है। इसके तहत अब साल में 100 की जगह 125 दिन रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी।

वहीं, देशभर में औसत दिहाड़ी रु.298.8 से बढ़कर रु.327.4 प्रतिदिन हो गई है। यानी औसतन 28.6 रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी हुई है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 95,692.31 करोड़ रुपए दिए गए हैं, ताकि मजदूरी समय पर मिल सके और काम चलते रहें।

इस कानून का राष्ट्रीय शुभारंभ 2 जुलाई को आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के मुक्कावरिपल्ली गांव में होगा। इस दौरान ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड बांटे जाएंगे और लोगों को योजना की जानकारी दी जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सरकार ने पूरी तैयारी कर ली हैं।

**वीबी जी राम जी योजना की 3 जरूरी बातें...**

जिन लोगों के जॉब कार्ड का ई-केवाईसी हो चुका है, वे नए [illegible] तक पुराने जॉब कार्ड से ही काम कर सकेंगे।

नई व्यवस्था में भी ग्राम पंचायतें पहले की तरह काम तय करेंगी और उनकी निगरानी करेंगी। जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का विकास, खेती, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और महिला सशक्तीकरण से जुड़े कामों पर खास ध्यान रहेगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुताबिक, 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इस कानून के लिए बजट रखा है। वहीं, 24 राज्यों ने अपनी वीबी जी राम जी योजना जारी कर दी है।

**पूर्वोत्तर राज्यों में 90% खर्च केंद्र सरकार देगी**

कानून के मुताबिक, इस योजना का खर्च केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर उठाएंगी। सामान्य राज्यों में 60% पैसा केंद्र और 40% राज्य सरकार देगी।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर समेत पूर्वोत्तर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 90% खर्च केंद्र सरकार उठाएगी।

कानून में यह भी प्रावधान है कि बुवाई और कटाई जैसे खेती के व्यस्त मौसम में राज्य सरकारें साल में अधिकतम 60 दिन इस योजना के तहत मिलने वाले काम को सीमित कर सकेंगी।

# गुरुवार को होगा वीबी-जी राम जी योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ

**बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत-जी राम जी (वीबी-जीरामजी) योजना का शुभारंभ बुधवार से पूरे देश में किया जा चुका है। इसी क्रम में राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी जिलों में योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ गुरुवार को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। जिले का जिला स्तरीय कार्यक्रम सागर तालाब, ग्राम पंचायत रिडमलसर में होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टर निशान्त जैन के मार्गदर्शन में किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विकास अधिकारी, पंचायत समिति बीकानेर को प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर योजना की रूपरेखा, उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत रिडमलसर भवन में ओडिशा से आयोजित राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी प्रदर्शित किया जाएगा। पांडे ने बताया कि वीबी-जीरामजी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जल संवर्धन, टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण तथा ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना है। योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं सशक्त ग्रामों के निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों पर विशेष फोकस रहेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीण नागरिकों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर योजना के सफल शुभारंभ के सहभागी बनने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सवः 4 जुलाई को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय सभागार में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

## जिला कलक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 4 जुलाई को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित होगा। इस दौरान विभिन्न विभागों के नवचयनित 1726 युवाओं को मुख्यमंत्री का बधाई संदेश, स्वागत किट और नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

जिला कलक्टर निशान्त जैन ने बुधवार को इसकी तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय रहते कर ली जाएं। उन्होंने समारोह के लिए जनप्रतिनिधियों एवं सभी प्रतिभागियों को आमंत्रित करने, बैठक, माइक, प्रस्तावित मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

जिला कलक्टर ने बताया कि समारोह के दौरान माध्यमिक शिक्षा के 50 व्याख्याता, 63 वरिष्ठ अध्यापक, पंचायत राज के 28 ग्राम विकास अधिकारी, 1490 सहायक कर्मचारी, 44 टेक्नीशियन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 4 छात्रावास अधीक्षक, सहकारिता विभाग के 6 निरीक्षक ग्रेड-द्वितीय, कृषि विभाग के 2 कनिष्ठ अभियंता और 2 कृषि अधिकारी, कॉलेज शिक्षा के 3 एसिसटेंट प्रोफेसर, पुलिस विभाग के 8 कांस्टेबल, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के 4 प्रोग्रामर को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर होने वाले इस कार्यक्रम का सभी ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक सीधा प्रसारण किया जाएगा।

इस दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) उम्मेद सिंह रतनू, एडीएम सिटी रीना, उपखण्ड अधिकारी महिमा कसाना, प्रशिक्षु आइएएस मनु गर्ग, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महेन्द्र शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी किशन दान चारण, समसा के एडीपीसी कृष्ण कुमार बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

# नए उद्यमों को मिलेगा प्रोत्साहन, ब्याज अनुदान सहित कई सुविधाएं

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** राज्य सरकार द्वारा व्यापार एवं निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 लागू की गई है। इस नीति के तहत नए सूक्ष्म उद्यमों तथा निर्यातकों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता एवं प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि नीति के अनुसार नए सूक्ष्म उद्यमों को 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर ब्याज अनुदान दिया जाएगा। एक करोड़ रुपये तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तथा एक से दो करोड़ रुपये तक के ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज अनुदान का प्रावधान है। वहीं एससी, एसटी, महिला एवं दिव्यांग वर्ग के उद्यमियों को अतिरिक्त 1 प्रतिशत ब्याज अनुदान भी मिलेगा।

उन्होंने बताया कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लेन-देन की फीस का 75 प्रतिशत (अधिकतम 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष) तथा सीजीटीएमएसई शुल्क का 50 प्रतिशत (5 वर्ष तक) पुनर्भरण सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही इश्यूरेन्स प्रीमियम का 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपये प्रतिवर्ष) पुनर्भरण का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि व्यापार से संबंधित नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक उद्यमी राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी पोर्टल पर ऑनलाइन एसएसओ आईडी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय समय में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, चौपड़ा कटला स्थित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# राजस्थान समान नागरिक संहिताः प्रारूप समिति सदस्य डॉ. शुचि चौहान की जनसुनवाई गुरुवार से, तैयारियों को दिया अंतिम रूप




**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** राजस्थान समान नागरिक संहिता-2026 (यूसीसी) के प्रारूप समिति की सदस्य डॉ. शुचि चैहान द्वारा 2 और 3 जुलाई को जनसुनवाई की जाएगी। बीकानेर विकास प्राधिकरण में होने वाले दो दिवसीय आयोजन की तैयारियों को बुधवार को अंतिम रूप दिया गया।

जिला कलक्टर निशान्त जैन ने बताया कि गुरुवार प्रातः 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक बीकानेर संभाग स्तर की जनसुनवाई होगी। इसें जनप्रतिनिधि, समस्त धर्मों के प्रतिनिधि, सामाजिक विज्ञान एवं विधि पृष्ठभूमि वाले शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। संभाग के अन्य जिलों के सहभागी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे।

उन्होंने बताया कि दोपहर 2 से 3.30 बजे तक बीकानेर तथा दोपहर 3.30 से सायं 5.30 बजे तक श्रीगंगानगर जिले की जनसुनवाई होगी। वहीं शुक्रवार को प्रातः 10 से प्रातः 11.15 बजे तक हनुमागनढ़ तथा दोपहर 11.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चूरू जिले की जनसुनवाई वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से होगी।

बुधवार को अतिरिक्त संभागीय आयुक्त यशपाल आहूजा जिला कलक्टर (नगर) रीना और बीकानेर विकास प्राधिकरण श्री हेमेन्द्र नागर ने तैयारियों को जायजा लिया। उन्होंने बैठक, वीडियो कांफ्रेंसिंग, अभ्यर्थना प्राप्त तथा इन्हें संधारित करने सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा।

# उरमूल सीमांत समूह के किसानों के लिए सहजन आधारित कृषि प्रणाली पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद ।** जिले में सतत एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबार्ड वित्त पोषित परियोजना के तहत सहजन (मोरिंगा) आधारित कृषि प्रणाली विषय पर तीन दिवसीय कृषक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को काजरी कार्यालय के सभागार में शुभारंभ हुआ।




कार्यक्रम का उद्घाटन राजुवास के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.के. घुड़िया तथा राजस्थान ग्रामीण बैंक, बीकानेर के क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर डॉ. घुड़िया ने किसानों से सहजन आधारित कृषि प्रणाली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि मोरिंगा एक बहुउद्देशीय पौधा है, जिसका उपयोग सदियों से भोजन एवं औषधि के रूप में किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि यह पौधा अत्यधिक पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं सुगंधित होने के साथ अधिक बायोमास उत्पादन की क्षमता रखता है तथा पशुओं के लिए वर्षभर हरा चारा उपलब्ध कराने में भी उपयोगी है।

क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन कुमार साहू ने कहा कि सहजन के विभिन्न उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर रोजगार सृजन, पोषण सुरक्षा और किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने मोरिंगा के औषधीय गुणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में भी सहायक है।

काजरी के अध्यक्ष डॉ. नवरत्न पंवार ने परियोजना को बीकानेर जिले के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि आगामी जुलाई एवं अगस्त माह में सहजन आधारित कृषि प्रणाली पर पांच अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण से जुड़कर परियोजना का लाभ उठाने का आग्रह किया।

परियोजना के मुख्य समन्वयक डॉ. बीरबल ने बताया कि प्रशिक्षण में बीकानेर जिले की विभिन्न तहसीलों से 50 किसान भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रत्येक किसान को प्रमाण-पत्र के साथ 1,000 मोरिंगा पौधे निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत अब तक जिले के 225 से अधिक किसानों को 2.25 लाख से अधिक पौधों का वितरण किया जा चुका है।डॉ. बीरबल ने बताया कि काजरी से पौधे प्राप्त करने वाले किसानों ने सहजन की खेती से लाभ अर्जित करना शुरू कर दिया है तथा मूल्य संवर्धन के माध्यम से मोरिंगा पाउडर का निर्माण एवं विपणन भी प्रारंभ कर दिया है। कार्यक्रम में काजरी के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. मनोज गोरा, डॉ. सीताराम जाट, उरमूल सीमांत समूह की लक्ष्मी देवी तथा ओम मेघवाल सहित अन्य अधिकारी एवं सहभागी किसान उपस्थित रहे।

# डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित




**नसीराबाद (खबर आस पास)।** रोटरी क्लब नसीराबाद ने डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर रोटरी वर्ष 2026-27 का शुभारंभ किया। डिस्ट्रिक्ट 3053 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ष्ट बृजमोहन अग्रवाल एवं असिस्टेंट गवर्नर ष्ट नवनीत राठी के नेतृत्व में क्लब के अध्यक्ष डॉ. विनायक गौड़ व सचिव मुकेश मित्तल ने नए सत्र की शुरुआत की। प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय मेहरा और राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर 14 चिकित्सकों एवं 9 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया। पूर्व अध्यक्ष मनीष झंवर के कार्यकाल में क्लब को मिले डिस्ट्रिक्ट एक्सीलेंट क्लब सम्मान का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष डॉ. गौड़ ने इस रोटरी वर्ष में सेवा एवं मानवता के नए आयाम स्थापित करने का संकल्प लिया। रक्तदान शिविर में कल 90 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाएं जिनमें से 75 को रक्तदान हेतु उचित माना गया इस शिविर में छावनी परिषद के सीईओ शाकिब आलम जी के मार्ग दर्शन पर छावनी परिषद के अधिकारी गण और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान में अपना पूर्ण सहयोग दिया। इसी प्रकार हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर और स्टाफ ने शिविर में सेवा कार्य कर शिविर को सफल बनाया। इस शिविर में पुलिस उप अधीक्षक किशन कुमार यादव और सिटी थाना प्रभारी पंकज कुमार अपने स्टाफ के साथ रक्त दाताओं का उत्साह वर्धन करने पहुंचे और डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स का सम्मान भी किया रोटेरी क्लब के पदाधिकारी और सभी मेंबर्स ने उनका स्वागत किया । रक्तदान शिविर के साथ ही लगाया गया फिजियोथेरेपी शिविर भी पूर्णतया सफल रहा और लोगों ने उसका पूरा लाभ उठाया।

इस शिविर में रोटरी क्लब नसीराबाद के नंदकिशोर गर्ग, विजय मेहरा, राजेंद्र अग्रवाल, जयकिशन भागनानी, अरविंद मित्तल, गौरव जिंदल, विनोद अजमेरा, प्रदीप अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, शुभम संजय बेपटिस्ट, चंद्रशेखर गढ़वाल, अमित तापड़िया, डॉक्टर आरसी चौधरी, सुनील गोयल ने अपनी सेवाएँ दी।

# विक्रम जागरवाल होंगे आईएफडब्ल्यूजे के जिलाध्यक्ष

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** बीकानेर के वरिष्ठ पत्रकार विक्रम जागरवाल, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) की बीकानेर इकाई के जिलाध्यक्ष होंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ ने जागरवाल को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जागरवाल के बीकानेर ईकाई के जिलाध्यक्ष बनने पर पत्रकारों ने खुशी व्यक्त की है। बता दें कि विक्रम जागरवाल लंबे समय से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े हैं। वहीं विभिन्न पत्रकार संगठनों में अलग अलग पदों पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारी का कुशल निर्वहन कर चुके हैं। आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेशाध्यक्ष ने पत्रकारिता व संगठनों में उनके अनुभव को देखते हुए यह बड़ी जिम्मेदारी दी है। जागरवाल ने प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में संगठन व पत्रकारों के हितों से जुड़े कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। संगठन की जिला कार्यकारिणी की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी।

# डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर का सम्मान अभिनंदन - टीम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन




(खबर आस पास)

**बीकानेर।** राष्ट्रीय स्तर पर विशेष दिन को खास बनाने की परंपरा काफी वर्षों से चल रही है । चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों द्वारा दिए गए निस्वार्थ योगदान, बलिदान और कड़ी मेहनत का विशेष दिन 'डॉक्टर्स डे' डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में यह परंपरा साल 1991 से आयोजन किया जा रहा है। टीम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन डॉक्टर्स डे पर लगातार पिछले 5 वर्षों से बीकानेर के चिकित्सकों का सम्मान करते आई है। आज डॉक्टर्स डे स्पेशल मे बीकानेर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ योगेंद्र चौधरी एवं ट्रोमा सेंटर के डॉ. एल. के. कपिल का शाल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अभिनंदन पत्र के साथ सजीव पौधा भेंट किया गया। आज के दिन को विशेष बनाने के लिए टीम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक दिलीप गुप्ता, पंकज कंसल, प्रकाश सामसुखा, सुनील कंसल, गोविंद चौधरी, महिला विंग से मुस्कान खत्री, शीतल योगी, एसएमएस दिव्यांग सेवा संस्थान के अध्यक्ष मंजू गुलगुलिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मण रामावत, मंजू बैद एवं सोशल मीडिया एक्टिविस्ट साकिर हुसैन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। डॉ एल. के. कपिल पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर मे और डॉ योगेंद्र चौधरी यूरोलॉजी विभाग में कार्यरत है। संस्थापक दिलीप गुप्ता द्वारा डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं और आप द्वारा की जा रही जन सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। पंकज कंसल और प्रकाश सामसुखा द्वारा टीम के सभी सदस्यों का आज के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# श्रीडूंगरगढ़ में खुले पड़े सरकारी बोरवेलों पर कार्रवाई की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन




**श्रीडूंगरगढ़ (खबर आस पास)।** क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खुले पड़े सरकारी बोरवेलों को लेकर सामाजिक संगठन 'पूछता है श्रीडूंगरगढ़' ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संगठन के रतन नाई और शूरवीर मोदी ने आरोप लगाया कि जलदाय विभाग की लापरवाही के कारण खुले बोरवेल आमजन और पशुओं के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। ज्ञापन में बताया गया कि संगठन द्वारा हाल ही में किए गए निरीक्षण में श्रीडूंगरगढ़ शहर सहित धोलिया रोड, कालू रोड, सातलेरा रोड, बीदासर रोड, रेलवे लाइन क्षेत्र और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के आसपास कई खुले बोरवेल मिले। इन स्थानों की फोटो एवं जीपीएस लोकेशन भी शिकायत के साथ प्रशासन को भेजी गई हैं।

रतन नाई और शूरवीर मोदी ने बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार जनसुनवाई, लिखित शिकायतों और हेल्पलाइन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि समय रहते खुले बोरवेलों को बंद नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि क्षेत्र में खुले पड़े सभी सरकारी बोरवेलों को तत्काल बंद कराया जाए, मामले की जांच कर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# जीएसटी दिवस पर किया पौधारोपण



(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** जीएसटी दिवस के अवसर पर बुधवार को केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर, संभाग, बीकानेर (ग्रामीण) द्वारा वृंदावन एन्क्लेव स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त भूपेन्द्र छीपा एवं सहायक आयुक्त धर्मेन्द्र उपाध्याय ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा इस अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

अधीक्षक (कर अपवंचना) संजय कुमार सोनी ने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व बताते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल का आह्वान किया। जीएसटी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव निरीक्षक जगदीश मेहरा द्वारा रखा गया था, जिसकी विभाग एवं कॉलोनीवासियों ने सराहना की तथा उनका माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया।

उद्यमी अशोक मोदी ने इस अनुकरणीय पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। इसे समाज में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास बताया।

कॉलोनीवासियों की ओर से डॉ. डी.एस. बौद्ध, अम्बेडकर सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश परिहार, पृथ्वीराज कला एवं कैलाश कटारिया ने विभाग की इस पहल का स्वागत किया।

कार्यक्रम के आयोजन में कार्यकारी सहायक सूर्यप्रकाश बिश्नोई, मोहित गोस्वामी एवं महेश जावा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 'चोटी रै गांठ' उपन्यास का लोक-निजर उच्छब

# साहित्यकार सत्यदीप की औपन्यासिक कृति का लोकार्पण व पुस्तक चर्चा कार्यक्रम 12 को

**बीकानेर (खबर आस पास)।** लोकप्रिय कवि व ख्यात साहित्यकार सत्यदीप की सद्य प्रकाशित राजस्थानी औपन्यासिक कृति 'चोटी रै गांठ' का लोकार्पण व पुस्तक चर्चा कार्यक्रम 12 जुलाई को संस्कृति भवन में आयोजित किया जायेगा। इस आशय की जानकारी साझा करते हुए आयोजक संस्था मरूभूमि शोध संस्थान के मानद निदेशक प्रो. बी. एल. भादानी ने बताया कि यह लोक निजर उच्छब साहित्यकार श्याम महर्षि की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। समारोह के समन्वयक साहित्यकार रवि पुरोहित के अनुसार डॉ. गजादान चारण के मुख्य आतिथ्य एवं मालचंद तिवाड़ी, डॉ. मदन सैनी और डॉ. चेतन स्वामी के विशिष्ट आतिथ्य में यह समारोह होगा। समारोह संयोजिका कवयित्री भगवती पारीक ने आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस ऐतिहासिक उपन्यास पर शंकर सिंह राजपुरोहित और हरीश बी. शर्मा सखरी टीप के रूप में पत्रवाचन के तहत अपनी आलोचनात्मक टिप्पणी रखेंगे। श्रीभगवान सैनी, महेश जोशी और सीमा भोजक उपन्यास पाठकीय सरोकारों के अन्तर्गत अपने विचार साझा करेंगे। हिन्दी-राजस्थानी दोनों भाषाओं में समान अधिकार से सृजनशील साहित्यकार सत्यदीप राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर व राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर की सामान्य सभा के सदस्य रह चुके हैं। सत्यदीप की इससे पूर्व 14 कृतियां प्रकाशित हो चुकी है और कई राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय पुरस्कारों-सम्मानों से समादृत हो चुके हैं।